>

Title: Regarding increasing pollution in Indira Gandhi Canal-laid

श्री निहाल चन्द चौहान (गंगानगर): मैं सरकार का ध्यान इंदिरा गांधी नहर के पानी में दिन ब दिन बढ़ते प्रदूषण की तारफ आकर्षित करना चाहता हूं, जिस कारण इस नहर का पानी पीने व सिंचाई योग्य नहीं रह गया है। राजस्थान प्रदेश में पानी एक बड़ी समस्या है और बहुत ही सीमित मात्रा में इसकी उपलब्धता है। इंदिरा गांधी नहर, जिसका पानी पंजाब, हरियाणा और राजस्थान प्रदेश को आवंटित होता है, में प्रदूषण बहुत ही खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है, जिसका मुख्य कारण पंजाब राज्य की औद्योगिक इकाइयों द्वारा केमिकल व अन्य प्रदूषित कचरा इंदिरा गांधी नहर में प्रवाहित करना है। इस दूषित पानी का मुद्दा पहले भी मेरे द्वारा सदन में उठाया जा चुका है, परन्तु अभी भी पानी के प्रदूषण स्तर में सुधार नहीं हो सका है। इंदिरा गांधी नहर के पानी से राजस्थान के चुरू, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, बीकानेर, जैसलमेर, बाडमेर, नागौर जैसे रेगिस्तानी जिले प्रभावित हो रहे हैं।